प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान जारी , शाम पांच बजे तक डाले जाएंगे वोट , मतदाताओं में उत्साह।**

2. **निकाय चुनाव में राजधानी रांची में 11 बजे तक 15.7 प्रतिशत मतदान जबकि दुमका नगर परिषद में 19.75 प्रतिशत हुई वोटिंग ।**

3. **राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार और राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने मताधिकार का किया प्रयोग, लोगों से की वोट डालने की अपील।**

और

4. **मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो दिन बारिश, आंधी के साथ वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।**

****

झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे मतदान जारी है। 48 नगर निकाय क्षेत्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। राज्य चुनाव आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि कहीं से भी कोई अप्रिय समाचार नहीं है। शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा में मतदान की प्रक्रिया जारी है ।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने में अधिक समय लगने की मतदाताओं की शंका को भी दूर किया।

****

रांची नगर निगम चुनाव में 11 बजे तक 15.7 प्रतिशत जबकि बुंडू में 25.16 प्रतिशत मतदान हुआ है। जामताड़ा नगर पंचायत और मिहिजाम नगर परिषद में मतदान शांतिपूर्ण जारी है। 11 बजे तक जामताड़ा नगर पंचायत के 24 प्रतिशत जबकि मिहिजाम नगर परिषद के 22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। दुमका जिले में चढ़ते दिन के साथ मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है। दुमका नगर परिषद क्षेत्र में 42 मतदान केंद्रों पर सुबह 11 बजे तक 19.75 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में 19 मतदान केन्द्रो पर 31.05 प्रतिशत वोटिंग हुई। जमशेदपुर में मानगो नगर निगम में 19.5 प्रतिशत, जुगसलाई नगर परिषद में 24.2 प्रतिशत और चाकुलिया नगर पंचायत के लिए 33 दशमलव 8 प्रतिशत वोटिंग हुई। इधर धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के लिए हो रहे चुनाव को लेकर 1019 बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान की प्रक्रिया जारी है। 11 बजे तक धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 14.79 प्रतिशत और चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में 18.73 प्रतिशत वोट डाले जा चुके हैं। शाम 5 बजे तक कतार में शामिल सभी लोगों को वोट देने का मौका मिलेगा।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के एटीआई सभागार स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने रांची के धुर्वा स्थित संत थॉमस स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र में मतदान किया। संवाददाताओं से बातचीत में निर्वाचन आयुक्त ने राज्यवासियों से मतदान की अपील की। उन्होंने बैलट पेपर से वोटिंग होने पर गड़बड़ी की आशंका को खारिज किया ।

****

रांची नगर निगम के महापौर और वार्ड पार्षद के लिए हो रहे मतदान प्रक्रिया में आज रांची के सांसद और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हिस्सा लिया। उन्होंने वार्ड नंबर 33 के मतदान केंद्र संख्या 11 में मतदान किया।

****

गिरिडीह जिले के तीन नगर निकाय के लिए सुबह से 166 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी मतदान किया। उन्होंने राज्यवासियों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की ।

नगर निगम चुनाव को लेकर हजारीबाग में उत्साह चरम सीमा पर है। सांसद मनीष जायसवाल ने . मतदान करने के बाद लोगों से मतदान प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की ।

****

बोकारो के चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। वहीं सरायकेला–खरसावां जिले के तीन प्रमुख निकायों आदित्यपुर नगर निगम, कपाली नगर परिषद और सरायकेला नगर पंचायत में कुल 1 लाख 84 हजार 417 मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस लोकतांत्रिक महापर्व के अवसर पर पद्मश्री ससधर आचार्य ने भी मतदाताओं से विशेष अपील की है। हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर मतदाता शहर की सरकार बनाने को लेकर सुबह से बूथ पर पहुंच रहे हैं । पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा भी काफी उत्साहित नजर आए और लोगों को मतदान का महत्व बताया।

****

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग शून्य दशमलव तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 280 अंक चढ़कर 83 हजार 94 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 63 अंक बढ़कर 25 हजार 635 अंक पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग आज रात साढे नौ बजे फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में एआई युग में डीप फेक से सुरक्षाश्श विषय पर चर्चा प्रसारित करेगा। श्रोता हैशटैग आस्क–एआईआर. के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपने सवाल पोस्ट कर सकते हैं।

****

राज्य के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन बारिश के साथ वज्रपात और तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है ।